समाचार

आयुक्त की अभिनव पहल

उत्कृष्ट कार्यो हेतु निगम के छोटे कर्मियों को मिल रहा सम्मान

('' फेस आफ द मंथ '' के रूप में प्रतिमाह सम्मानित किए जा रहे अच्छा कार्य करने वाले निगम के तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मी)



कोरबा 01 फरवरी 2025 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की विशेष पहल पर नगर पालिक निगम कोरबा के ऐसे छोटे कर्मचारी जो पूरी निष्ठा से कार्य करते हुए उत्कृष्ट परिणाम ला रहे हैं, उनका निगम द्वारा सम्मान किया जा रहा है तथा प्रतिमाह तीन कर्मचारी '' फेस आफ द मंथ '' से सम्मानित हो रहे हैं। आयुक्त श्री पाण्डेय के इस कदम से निगम कर्मियों में अच्छा खासा उत्साह देखा जा रहा है, वे कार्य के लिए प्रोत्साहित हो रहे हैं तथा वे इसके लिए आयुक्त के प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर रहे हैं।

पाजिटिव थिंकिंग, व्यवहारिक दृष्टिकोण व नवाचार के माध्यम से कुछ न कुछ अच्छा करने की गंभीर सोच रखने वाले आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय जहॉ एक ओर शहर की स्वच्छता, नागरिक सुविधाओं व व्यवस्थाओ में सुधार पर लगातार फोकस कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इन कार्यो को अमलीजामा पहनाने वाले निगम के अधिकारी कर्मचारियों विशेषकर तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मियों, सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदियों व अन्य छोटे कर्मचारियें को प्रोत्साहित करने, कार्य के प्रति उनकी निष्ठा व उत्साह को बनाए रखने की दिशा में भी उनके द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आयुक्त श्री पाण्डेय की विशेष पहल पर अब नगर पालिक निगम कोरबा के उत्कृष्ट कार्य करने वाले तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों सफाई कर्मियों को उनके अच्छे कार्यो हेतु सम्मान मिल रहा है, प्रत्येक माह '' फेस आफ द मंथ '' के रूप में वे सम्मानित हो रहे हैं, जिसके परिणाम स्वरूप कर्मचारियों में कार्य के प्रति उत्साह

व सकारात्मक प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, जिसके अच्छे रिजल्ट भी देखने को मिल रहे हैं। इसी कड़ी में विगत माह में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सफाई कर्मी बाल गौरैया, भृत्य प्रमोद यादव व आक्ट्राय पोस्ट सहायक दिलेश्वर सिंह ठाकुर को '' फेस आफ द मंथ '' चुना गया था।

इस माह के '' फेस आफ द मंथ '' – नगर निगम की सहायक ग्रेड–2 श्रीमती श्यामकली डहरिया, सफाई कर्मचारी रामनरेश कलसे व कम्प्यूटर आपरेटर लक्ष्मण राव को इस माह का '' फेस आफ द मंथ '' चुना गया है। श्रीमती श्यामकली डहरिया को जन्म–मृत्यु पंजीयन संबंधी कार्यो को व्यवस्थित करने में विशेष योगदान तथा लक्ष्मण राव को राजस्व से संबंधित कार्यो में उनके विशेष योगदान तथा सफाई कर्मी रामनरेश कलसे को साफ–सफाई कार्यो में उत्कृष्ट योगदान के लिए '' फेस आफ द मंथ '' के रूप में चयन किया गया है।

समिति करती है फेस आफ द मंथ का चयन – आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के फेस आफ द मंथ के रूप में कर्मचारियों का चयन किए जाने हेतु समिति का गठन किया है। अपर आयुक्त की अध्यक्षता में गठित इस समिति में अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता (योजना), उपायुक्त (स्थापना प्रभारी), राजस्व अधिकारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी व अध्यक्ष महिला उत्पीडन, उन्मूलन समिति सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं, यह समिति निगम में कार्यरत कर्मचारियों के कार्यो का आंकलन करते हुए माह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 03 कर्मचारियों का चयन '' फेस आफ द मंथ '' के रूप में करेगी